53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.0°c | अधिकतम 26.0°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:00, सूर्यास्त - 6:06 | वर्ष : 53/ अंक : 43 | बृहस्पतिवार, 13 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

सुखी वो नहीं जिसके पास सबकुछ है, सुखी वो है जिसके पास संतुष्टि है।

ऐसे लोग भी हैं, जो चोरी-छिपे संगम में डुबकी लगा आए, लेकिन जनता से कह रहे हैं मत जाओ : योगी

क्या मिलिए ऐसे लोगों से जिनकी फितरत छुपी रहे... नकली चेहरा सामने आए असली सूरत छुपी रहे.....

हनीट्रैप : अश्लील वीडियो बनाकर वसूली करती थी हसीना एण्ड कम्पनी, पांच गिरफ्तार

मां और बेटी व दामाद अन्य दो लोगों के साथ मिलकर देते थे घटना को अंजाम

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। बुधवार को एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने खतौली में हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला गैंग का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जानसठ के रहने वाले प्रोपर्टी डीलर ने खतौली कोतवाली क्षेत्र में शिकायत करते हुए बताया था कि जैन नगर की रहने वाली चर्चित हसीना ने उसे अपनी बेटी के साथ मिलकर हनीट्रैप मामले में फंसा लिया है, जिसमें सात लाख रुपये नकद लेने के साथ-साथ 27 लाख रुपये का चेक भी ब्लैकमेल करते करते उससे ले लिया गया। इतना ही नहीं महिला गैंग के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने बाद में पीड़ित से एक करोड़ रुपये की डिमांड की। जब पीड़ित इतनी बड़ी ब्लैकमेलिंग से हार मान गया तब उसने इस मामले की शिकायत खतौली कोतवाली पुलिस को की और पूरे मामले के बारे में बताया। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि महिला का दामाद अपने आपको एसओजी मेरठ टीम का बताकर व पुलिस का फर्जी आई कार्ड दिखाकर उसे बलात्कार के झूठे केस में जेल भेजने की धमकी देकर सात लाख रुपये वसूल चुका है। पीड़ित ने क्रेटा कार ले जाने की शिकायत भी की। पुलिस का बताना है कि उक्त महिला गैंग दर्जनों लोगों को अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपये की वसूली कर चुका है। उक्त गैंग जिस व्यक्ति को कमरे में ले जाता था वहां पहले से ही हिडन कैमरे लगे हुए होते थे, जिसकी अश्लील वीडियो बना ली जाती थी और उसके बाद उनसे लाखों रुपये की वसूली की जाती थी। इस मामले में भी महिला ने प्रोपर्टी डीलर को अपने घर बुलाया और अपनी ही बेटी के साथ उसे कमरे में बंद करके हिडन कैमरे की मदद से उसकी नग्न वीडियो बना ली। इस मामले में पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यवाही कर हसीना पत्नी नूर मौहम्मद निवासी जैन नगर, आसमा पुत्री नूर मौहम्मद तथा हसीना का दामाद मसूद अहमद उर्फ शब्बू पुत्र मोहम्मद हसन निवासी रुड़की मुश्तकीम अहमद पुत्र रहीमूदीन निवासी हरिद्वार, शारिक पुत्र अब्दुल खालिक निवासी शेखपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों से दो लाख दस हजार रुपये की नकदी, फर्जी आईडी कार्ड, हिडन कैमरा, मोबाइल और लूटी गयी क्रेटा कार बरामद की गयी है।

परिजनों की सूचना पर पचैंडा रोड स्थित एक होटल से पकड़ा गया कपल

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। वैलेन्टाइन डे सप्ताह के दौरान प्रेमी-प्रेमिकाओं की मौज मस्ती कम नहीं हो रही। नई मण्डी थाना क्षेत्र में पचैंडा रोड पर आज फिर पुलिस द्वारा एक कपल पकड़ा गया। आपको बता दें कि पूरा मुजफ्फरनगर इस समय होटलों और रेस्टोरेंटों में कपल को अनैतिक कार्य कराने की जगह देने के लिए बदनाम हो चुके हैं। होटलों में जाने में परिवार के साथ भी अब शर्म आने लगी है। और दो लोगों का जाना तो दूभर ही हो गया है। होटल और रेस्टोरेंट फास्टफूड और खाने बेचकर पैसा कमाने में संतुष्ट नहीं हो पा रहे। अपने होटल और रेस्टोरेंट से अनैतिक कमाई करने के चक्कर में वे नाबालिग व बालिग दोनों तरह के लोगों को अनैतिक कार्य करने की पूरी छूट दे रहे हैं। पहले महावीर चौक फिर गांधी कॉलोनी, भोपा रोड मसाज सैंटर, यहां तक कि देहात क्षेत्रों में खतौली और बुढ़ाना में भी होटलों व मसाज सैंटरों से अनैतिक कार्य करते हुए युवक-युवती पकड़े गए हैं। इतना ही नहीं इन होटलों से शारीरिक सम्बंध बनाने वाली आपत्तिजनक सामग्रियां भी लगातार बरामद हुई है, बावजूद उसके न ही तो कपल होटलों में जाने से रुक रहे हैं और न ही होटल मालिक इन्हें पनाह देने से गुरेज कर रहे हैं। बुधवार को भी स्वयं एक नाबालिग युवती के परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर एक युवक को पचैंडा रोड स्थित होटल से हिरासत में ले लिया, जहां होटल से बाहर आते समय मुंह पर कपड़ा ढक लिया। युवक देवबंद का रहने वाला बताया जाता है, जबकि नाबालिग युवती मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव की बताई गयी है। परिजनों का आरोप था कि यह युवक युवती को नाबालिग होने के बावजूद भी बरगला रहा था और वही उसे होटल में लेकर गया था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने युवक के विरुद्ध कार्यवाही की कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई।

संत रविदास जयंती पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

- बैंडबाजों व डीजे की धुनों पर झूमे युवा और बच्चे
- सुबह मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ मनाया जन्मोत्सव

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। देशभर के साथ जनपद मुख्यालय एवं गांव-देहात तक बुधवार को संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 648 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस बीच विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों की ओर से संत रविदास जी द्वारा दिए गए संदेशों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ हवन-यज्ञ के साथ पूजन कर उन्हें श्रद्धा से नमन किया गया। नगर मुख्यालय पर बुधवार को इस कड़ी में नगर के विभिन्न मौहल्लों से टाउनहाल मैदान में एकत्रित अनेक झांकियों व डीजे के साथ में संत शिरोमणि रविदास महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार की धर्मपत्नी बीरमति देवी, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, सपा नेता राकेश शर्मा, भाजपा नेता विशाल गर्ग, वार्ड सभासदों के साथ दलित समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इससे पूर्व समिति से जुड़े पूर्व सभासद राजकुमार सिद्धार्थ समेत अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों को पगड़ी, फूल माला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा शुभारंभ अवसर पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि संत रविदास जयंती हर वर्ष माघ माह में धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास एक भक्त संत, समाज सुधारक और कवि थे, जिन्होंने जातिवाद व सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति के साथ सादगी का महत्व सिखाती हैं। उनके दोहे आज भी प्रासंगिक हैं और मानवता को सही दिशा दिखाते हैं। संत रविदास जयंती पर हमें उनके संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। कैबिनेट मंत्री की धर्मपत्नी बीरमति देवी ने कहा कि संत रविदास ने समाज में व्याप्त रहे जातिवाद का विरोध किया और मानव मात्र को समान बताया। उनका मानना था कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है, न कि उसकी जाति से। संत रविदास भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। जिन्होंने भक्ति मार्ग को अपनाकर भगवान की भक्ति को सर्वश्रेष्ठ बताया और निष्काम प्रेम तथा सेवा पर बल दिया। उन्होंने बताया कि संत रविदास का जन्म 15वीं शताब्दी में वाराणसी में हुआ था। वे एक चर्मकार परिवार में जन्मे थे, लेकिन उन्होंने सदैव सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर भक्ति मार्ग अपनाया और समाज में समानता का संदेश दिया। इससे पूर्व नगर क्षेत्र में रविदास मंदिरों एवं दलित मौहल्लों में संत शिरोमणि रविदास जी की पूजा-अर्चना के साथ टाउनहाल प्रांगण से भव्य शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गयी, जहां डीजे व बैंडबाजों की धुनों पर युवाओं की टोलियां मस्ती में झूमती हुई दिखाई दी। इससे पूर्व मौ. रैदासपुरी स्थित संत शिरोमणि गुरू रविदास मंदिर से शोभायात्रा का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व सभासद राजकुमार सिद्धार्थ, बिजेन्द्र पाल, कमलकांत शर्मा समेत दलित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। इस दौरान शहर में विभिन्न सथानों पर प्रसाद का वितरण एवं भंडारों का आयोजन किया

नगर क्षेत्र में जाम से लोग हुए बेहाल, रेंगने को विवश हुए वाहन

बेतरतीब वाहनों के खड़े होने के साथ ई-रिक्शा बनी बाधक

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। नगरीय क्षेत्र में बेतरतीब वाहनों के आवागमन और जिले के जिम्मेदार अफसरों की उपेक्षा के चलते यातायात व्यवस्था लंबे समय से बेपटरी होती दिख रही है। बुधवार को ऐसे हालातों के बीच नगर के मुख्य बाजारों और चौराहों पर जाम से लोग कराह उठे, जब नगर में संत रविदास जी जयंती पर शोभायात्रा भ्रमण पर थी। हालांकि जिला पुलिस और प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुधारने के तमाम इंतजाम किए जाने का दावा किया, लेकिन मुख्य बाजारों और तमाम चौराहों के साथ उससे सटी सभी गलियों में वाहनों की लंबी कतार लग जाने से जाम लग गया, जिसमें अपने वाहनों को निकालने की जल्दी में हर ओर जाम के झाम से लोग कराह उठे। नगरीय क्षेत्र में जाम की स्थिति सुधारने की खातिर शिवचौक पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के उतरने एवं घंटों की मशक्कत के बाद शोभायात्रा निकल जाने के बाद राहत मिली। नगरीय क्षेत्र में जाम का झाम एक बड़ी समस्या बन चुकी है, जिसमें सुधार की कोई योजना तमाम विरोध और धरना प्रदर्शन के बाद अफसरों की सोच के अभाव में दम तोड़ती दिखाई दे रही है। कहना गलत न होगा कि नगरीय क्षेत्र में जाम का बड़ा कारण स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी के समय में बदलाव के अभाव और मुख्य बाजारों में दुकानों के बाहर खड़े बेतरतीब वाहनों के साथ बिना पंजीकरण चल रही ई-रिक्शाओं को माना जा सकता है। उक्त ई-रिक्शाओं के कारण सर्वाधिक जाम लगा रहता है, जो बड़ी समस्या बन चुकी है। इन ई-रिक्शाओं का रूट तय न होने के साथ सड़क पर एकाएक कहीं भी सवारी को देखकर रोक देने और मुख्य बाजारों में बिना सवारी के इधर से उधर घूमने को भी माना जा सकता है। जिला प्रशासन पूर्व में ई-रिक्शाओं के संचालन को लेकर तमाम दावे तो कर चुका है, लेकिन सोच के अभाव में रूट तय किए जाने के साथ बिना पंजीकरण संचालित हो रही ई-रिक्शाओं पर अंकुश न लगाए जाने को बड़ा कारण कहा जा सकता है। ऐसे ही हालातों में बुधवार को नगर क्षेत्र जाम के झाम से कराह उठा और घंटों तक बीमार, बच्चे और महिलाओं को इस जाम से जूझना पड़ा। नगर में हर ओर लगे जाम को खुलवाने के लिए हालांकि यातायात पुलिस ने अस्पताल तिराहे के साथ झांसी की रानी, हनुमान मंदिर शिवचौक की ओर जाने वाले वाहनों को रोकने की पहल की, लेकिन संपर्क मार्गों से निकले वाहनों के साथ एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में मुख्य बाजारों से गली-मौहल्लों में हर ओर जाम की स्थिति बन गई, जिसको खुलवाने के लिए पुलिस प्रगशासन को घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर जाम के झाम से लोगों को मुक्ति मिली।

दो-चार गाड़ियों की डिलीवरी देने के बाद शोरूम मालिकों की नीयत में आया खोट?

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बुस.)। मंसूरपुर स्थित कीया मोटर्स का शोरूम पिछले तीन दिन से घोटालेबाजी को लेकर पूरी तरह बदनाम हो चुका है। अभी तक जहां सिर्फ कर्मचारियों की नीयत में साफतौर पर खोट दिखाई पड़ रहा था, वहीं अब दो-चार गाड़ियों की डिलीवरी देने के बाद मेरठ के रहने वाले कीया मोटर्स के मालिक की नीयत में खोट आता दिखाई पड़ रहा है। रसीद होने के बावजूद भी वें पैसे देने के सबूत मांग रहे हैं। इससे भी बड़ी बात यह है कि मंसूरपुर पुलिस भी इस मामले में पूरी सुस्ती बरते हुए हैं। ग्राहकों की

मुख्य आरोपी जुहैब को पकड़ने में पुलिस फेल

हा-हाकार होने के तीन दिन बाद भी पुलिस से मुख्य आरोपी तक नहीं पकड़ा गया है। सिर्फ शहरी लोगों को थाने में बैठाकर पुलिस अपनी औपचारिकता पूरी कर रही है। ग्राहकों से पैसे लेकर फरार होने वाला मुख्य आरोपी मंसूरपुर से सिर्फ चालीस किलोमीटर की दूरी पर मेरठ का रहने वाला जुहैब है, जिसका पुलिस अभी तक बाल भी बांका नहीं कर पायी है, या तो कहीं ना कहीं शोरूम मालिकों की जुहैब के साथ कोई मिलीभगत रही है, नहीं तो शोरूम मालिकों पर पुलिस की इतना कृपादृष्टि किस कारण से हो रही है कि लोग अपने पैसों की रसीदें लेकर पुलिस के आगे गुहार लगा रहे हैं और पुलिस के बराबर में बैठा मालिक बस उन्हें खोखले आश्वासन दे रहा है। अब देखना यह होगा कि उक्त मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली आखिर क्या रहती है और कब तक ग्राहकों को न्याय मिल पाता है। देखिये किस तरह से कीया कम्पनी की 3 लाख 11 हजार रूपये की रसीद लेकर पूरा भुगतान कर चुके गांधी कॉलोनी के रहने वाले आस्वाल अरोरा थाने में रोज-रोज धक्के खाकर वापस लौट रहे हैं और अपनी ही गाड़ी दिलाने के लिए सिफारिश कर रहे हैं। इतना ही नहीं अलमासपुर के रहने वाले सुखपाल सैनी का भी यही हाल है। वें भी थाने के लगातार चक्कर काट रहे हैं। उक्त दोनों परिवारों में विवाह है, जिसमें गाड़ियां लड़कियों को ही विदाई के दौरान देनी थी, मगर गांधी कॉलोनी वासी आस्वाल अरोरा का दो फरवरी का विवाह सम्पन्न होने के बाद भी गाड़ी नहीं मिली। ऐसा ही हाल अब अलमासपुर के रहने वाले सुखपाल सैनी का है।

बस की चपेट में आकर पोते की मौत, दादा घायल

खतौली, 12 फरवरी (बु.)। अनियंत्रित बस की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जबकि मृतक के वृद्ध दादा गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव पमनावली निवासी विनय पुत्र परविन्दर अपने वृद्ध दादा धर्म सिंह के साथ बाइक द्वारा बुधवार दोपहर गांव से खतौली होते हुए किसी रिश्तेदारी में जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही विनय नगर के घंटाघर के निकट पहुंचा तो इसी दौरान पीछे से आ रही भैंसाली डिपो की एक अनुबंधित बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। तेजगति से आ रही बस से भिड़ंत होने से बाइक चालक विनय बुरी तरह कुचला गया, वहीं दादा धर्म सिंह भी बाइक से सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें मुजफ्फरनगर मेडिकल के लिए रैफर कर दिया गया, परन्तु रास्ते में ही घायल विनय ने दम तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा बस को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है, जबकि बस चालक मौके से फरार हो गया।

पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदुज्जमा व पूर्व सांसद कादिर राणा समेत पांच आरोपी कोर्ट में पेश

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। वर्ष 2004 में लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े पूर्व मंत्री सईदुज्जमा आज आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट में पेश हुए। दरअसल 2004 में शहर कोतवाली क्षेत्र के फक्करशाह चौक पर बिना अनुमति के पूर्व गृहमंत्री सईदुज्जमा के पक्ष में एक जनसभा आयोजित की गयी थी, जिसमें उनके साथ पूर्व सांसद कादिर राणा, शमीम काला, अहसान कुरैशी, सादिक कुरैशी व हाजी सलीम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। उक्त सभी पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। मुकदमे के चलते मामले में एक आरोपी अहसान कुरैशी की मौत भी हो चुकी है। एमपीएमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई न्यायधीश देवेन्द्र फौजदार के समक्ष की गयी, जिसमें बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी आरोपियों के कोर्ट में 313 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज कराए गए हैं तथा इस मामले में सुनवाई के लिए 13 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

थर्ड डिग्री देने के आरोपी भोपा थाना एसएचओ भेजे गए क्राइम ब्रांच

एसओजी प्रभारी सुभाष को भेजा मंसूरपुर, जबकि थाना मंसूरपुर निरीक्षक उमेश रोरिया को भोपा व एसएचओ भोपा विजय कुमार को भेजा गया अपराध शाखा

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। बुधवार की शाम डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने तीन थानों में फेरबदल करते हुए भोपा एसएचओ विजय कुमार को अपराध शाखा वहीं मंसूरपुर थाना निरीक्षक उमेश रोरिया को भोपा थाना, तथा एसओजी प्रभारी सुभाष को मंसूरपुर थाने की कमान सौंपी गयी है। आपको बता दें कि एक सप्ताह पहले एक साथ दो घटनाओं में एसएचओ विजय कुमार पर भोपा थाना क्षेत्र के ही दो अलग अलग मामलों में पीड़ितों ने खुलकर आरोप लगाए थे। आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने बताया था कि डकैती के एक मामले में डकैती कबूलने के लिए किस तरह से उन्हें करंट और उनके साथ मारपीट की गयी थी वहीं दूसरे मामले में अंजाने में चोरी बैट्री खरीदने वाले दुकानदार को ब्लैकमेल करते हुए उससे 27 हजार रुपये नकद, दो हीटर व एक बैट्रा पुलिस द्वारा मुकदमे का डर दिखाते हुए जबरन लिया गया था। इस मामले में हाल ही में मीरापुर विधायक चुनी गयी मिथलेश पाल ने पीड़ितों के बयान पुलिस के समक्ष ही करा दिये थे। उसके बाद भी जब पुलिस इस मामले को हल्के में ले रही थी तो भाकियू ने मोर्चा खोलते हुए थाने के अंदर ही धरना दे डाला था। शायद तभी पुलिस अधिकारियों की कानों पर जूं रेंगी और आज बुधवार को एसएचओ विजय कुमार को थाने से हटाकर क्राइम ब्रांच भेजा गया। वहीं पूर्व मंत्री संजीव बालियान के साथ जद्दोजहद में सुर्खियों में आए उमेश रोरिया को मंसूरपुर थाने से भोपा थाने भेजा गया। आपको बता दें कि मंसूरपुर स्थित शरसादी लाल डिस्टीलरी के बाहर बने मंदिर के विवाद में संजीव बालियान ने उमेश रोरिया से खुलकर पूछा था कि कब्जा कराने का क्या लेते हो ? इसी प्रकार सुभाष बाबू को जो अब तक एसओजी प्रभारी थे, उन्हें मंसूरपुर थाने का चार्ज सौंपा गया है।

कंपनी हड़ताल में कर्मियों ने तोड़ी गाड़ियां, 13 पर गिरी गाज

- हड़ताल कराने व गाड़ियों में तोड़फोड़ पर नौकरी से निकाला
- पीएफ का पैसा व वेतन दिए बिना नौकरी से निकालने के लगे आरोप

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। शहरी सफाई व्यवस्था के लिए अनुबंध के आधार पर नगर पालिका के साथ कार्यरत कंपनी में कर्मियों ने आर्थिक समस्याओं को लेकर हड़ताल कर दी। इसके विरुद्ध एक हफ्ते से जारी हड़ताल में बात इतनी बिगड़ी कि कर्मियों ने प्रदर्शन के बीच कंपनी के कूड़ा वाहनों का चक्का जाम कर दिया और दूसरे लोगों से वाहन चलवाने का प्रयास करने पर कर्मचारियों ने कुछ वाहनों में तोड़फोड़ कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। कंपनी ने हड़ताल खुलवाने के बाद अब तोड़फोड़ और हड़ताल करवाने के आरोप में 13 कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया है, जिससे कर्मियों में फिर रोष व्याप्त है।

नगरपालिका ने शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़ा निस्तारण के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों को अनुबंध के आधार पर कार्य करने के लिए दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी को शहर के 55 वार्डों में 14 माह के लिए कार्य करने को चुना गया। कंपनी को इसके लिए प्रति माह 92 लाख रुपये भुगतान पालिका कर रही है, जबकि उक्त कंपनी द्वारा हर महीने 27 लाख रुपये यूजर चार्ज के रूप में पालिका कोष में जमा करने की शर्त तय हुई थी। पहले ही दिन से कंपनी विवादों में बनी हुई है और उस पर अनियमितता के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। कंपनी के खिलाफ उत्पीड़न के आरोपों के बीच बीते दिनों कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। जहां वाहनों के चक्का जाम के बीच वार्डों में वाहन भेजने को कंपनी द्वारा दूसरे कर्मियों को लगाने के दौरान कई गाड़ियों में तोड़फोड़ करते हुए गाड़ियों के शीशे तोड़ दिये गये।

> “इन्होंने कहा - एमआईटूसी के परियोजना प्रबंधक कुलदीप कुमार ने बताया कि पीएफ आदि मांगों को लेकर कुछ कर्मियों ने हड़ताल की थी। इसमें कुछ कर्मचारियों ने साजिश के तहत हड़ताल कराने के साथ गाड़ियों में तोड़फोड़ कराने का काम किया। ऐसे कर्मचारियों को कंपनी ने चिन्हित किया है। उनको नौकरी से हटाने के लिए पत्र जारी कर दिया। ऐसे 13 कर्मियों संदीप कुमार, अंश वशिष्ठ, संजय कुमार, आजाद बाबू, अंकित, संदीप गोपाल, आशीष, विनीत कुमार, अमित कुमार, गौरव, ओमवीर सिंह, सुशील और प्रिंस सहित 10 वाहन चालक और तीन सुपरवाइजर शामिल हैं।”

> “नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि कंपनी में वार्डों में कार्यरत कर्मचारियों ने बीते दिनों से हड़ताल कर रखी थी। पालिका ने मामले को वॉच किया। हड़ताल कल खुल गई है। कर्मियों को

हटाने का मामला कंपनी का निजी निर्णय है, इसमें पालिका हस्तक्षेप नहीं करेगी, लेकिन जितने दिन हड़ताल रही, उतने दिन का पैसा कंपनी के मासिक भुगतान राशि से काटा जायेगा।”

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 12 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं। 1542-इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को मौत के घाट उतार दिया गया। 1575-फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक। 1601-लंदन में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया। 1633-इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो को रोम पहुँचने पर गिरफ़्तार कर लिया गया। वैज्ञानिक गैलीलियो गैलीलि अपने मुकदमे के लिए रोम आए। 1688-स्पेन ने पुर्तगाल को एक अलग राष्ट्र स्वीकार किया। 1689-विलियम और मैरी इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए। 1693-अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला। 1713-दिल्ली के सुल्तान जहाँदारशाह की हत्या गला घोंट कर की गई। 1739-करनाल के युद्ध में नादिरशाह की फौज ने मुगल शासक मुहम्मद शाह की सेना को हराया। 1788-भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया। 1795-अमेरिका में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला। 1820-फ्रांसीसी तख्त के दावेदार डक की बेरी की हत्या कर दी गई। 1856-ईस्ट इंडिया कम्पनी का लखनऊ सहित अवध पर भी कब्जा। 1861-नेपल्स के फ्रांसीसी द्वितीय ने ग्यूसेपी गैरिबाल्डी के आगे हथियार डाले। 1880-थॉमस एडिसन ने एडिसन इफैक्ट पुष्ट किया। 1920-अमेरिका में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई। 1931-नई दिल्ली भारत की राजधानी घोषित हुई। 1941-जर्मनी में नाजियों ने डच यहूदी परिषद पर हमला किया। 1945-सोवियत संघ ने जर्मनी के साथ 49 दिन तक चले युद्ध के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पर कब्जा किया जिसमें एक लाख 59 हजार लोग मारे गये। 1959-बच्चों की पसंदीदा बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई। 1961-सुरक्षा परिषद ने कांगों में गृहयुद्ध रोकने के लिए बल प्रयोग की स्वीकृति दी। 1966-सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया। 1974-असंतुष्ट नोबेल विजेता अलेक्जेंडर सोलजेनिट्सिन को सोवियत संघ से निकाला गया। 1975-तुर्की ने साइप्रस के उत्तरी भाग में अलग प्रशासन की स्थापना की।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1335, रसकट ढैया 1240-1265, चाकू 1380-1500, लड्डू 1390-1445, खुरपापाड़ 1340-1360, शक्कर मसाला 1450-1470। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	87450	चांदी-	95600
सिक्का-	10500	गिन्नी-	65280

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 13 फरवरी, 2025

मेष- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, आर्थिक स्थिति में सुधार, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, नवीन योजना की शुरूआत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित।

वृषभ- समय असन्तोषजनक, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, वाद-विवाद से अड़चनें, मित्रों परिजनों से मतभेद, लाभ में कमी, परिवार में अनावश्यक खर्च, यात्रा असफल।

मिथुन- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक व्यय, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, इच्छाशक्ति।

कर्क- मनोबल में वृद्धि, पारिवारिक समस्याओं का समाधान, विचाराधीन योजना कार्यरूप में परिणित, स्वाध्याय की ओर अभिरुचि, कुछेक मसला सुलझने की ओर।

सिंह- शुभ भावनाओं का उदय, बुद्धि-विवेक से कार्यों में सफलता, जटिल समस्याओं का समाधान, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आनन्द की अनुभूति, धन की प्राप्ति।

कन्या- नवयोजना अधूरी, व्यावसायिक पक्ष के प्रति चिन्तित, वैवाहिक अड़चनें, आत्मिक शांति में कमी, द्रव्य की क्षति, स्व-निर्णय अहितकर, व्यर्थ भ्रमण से धनहानि।

तुला- व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कर्ज की अदायगी का प्रयास, व्यक्तिगत जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ।

वृश्चिक- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, आत्मिक शांति।

धनु- समय संतोषजनक, मित्रों एवं परिजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल होने को, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, तनाव में कमी।

मकर- कार्यों में व्यवधान, पारिवारिक मतभेद उजागर, व्यवहार के प्रति लापरवाही, शारीरिक सुख में व्यतिक्रम, कर्ज की अधिकता, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चनें।

कुम्भ- सद्विचारों का उदय, विचारित कार्यों में सफलता, आनन्द की अनुभूति, मनोरंजन की ओर रुझान, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ।

मीन- स्वास्थ्य सुधार पर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित, आत्मिक शांति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

बसंत उत्सव पर कम्पनी बाग के वेस्ट टू वंडर पार्क में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बागवानी लगाई

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन ने बुधवार को कंपनी बाग के वेस्ट टू वंडर पार्क में स्वच्छ बसंत उत्सव कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए पार्क में पौधारोपण करते हुए बागवानी स्थापित कराने के साथ उसकी देखरेख के निर्देश दिए। पालिका प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को बागवानी एवं फूल-फुलवारी के सहारे पर्यावरण और प्रकृति के प्रति जागरुक करने व पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छ बसंत कार्यक्रम के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया। बसंत उत्सव प्रतियोगिता कार्यक्रम की कड़ी में नगरपालिका परिषद् के साथ आईटीसी सुनहरा कल कार्यक्रम में लोगों को अपने घरों में बागवानी के लिए भी जागरुक किया जा रहा है। बुधवार को इस कड़ी में पालिका के कमला नेहरू वाटिका कम्पनी बाग के वेस्ट टू वंडर पार्क में संपन्न बसंत उत्सव प्रतियोगिता कार्यक्रम में बागवानी स्थापित कराते हुए पौधारोपण किया। यहां पर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने वार्ड सभासदों और पालिका अधिकारियों के साथ गणमान्य लोगों के साथ में मिलकर गेंदा एवं गुलाब सहित अनेक प्रकार के फूलों के पौधे लगाये। इस दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि 5 फरवरी से 14 मार्च तक नगर में बसंत उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन करते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में लोगों को प्रकृति प्रेमी बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें घरों में बनाई बागवानी का सौन्दर्यकरण करना, टेरस गार्डन स्थापित कराने, अमृत पार्कों में पौधारोपण एवं विभिन्न स्थानों पर बागवानी के लिए ऐसे में पौधारोपण किया जाना शामिल है। इस कड़ी में कम्पनी बाग में बागवानी स्थापित करने के लिए विभिन्न प्रजाति के फूलों के पौधों का रोपण कराया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद मनोज वर्मा, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर योगेश गोलियान, सेनेट्री इंस्पेक्टर प्लाक्षा मैनवाल, एमआईटूसी परियोजना प्रबंधक कुलदीप कुमार, सुपरवाइजर दुष्यंत चौधरी, एसबीएम लिपिक रूचि शर्मा, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से जुड़े दीपक सैनी, सहायिका चित्रा, सपना, मानसी और प्रियंका आदि मौजूद रहे।

विवाहित महिला की हत्या के आरोपियों को जेल भेजा

पति, ससुर और सास को पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में पकड़ा

सिखेड़ा, 12 फरवरी (बु.)। मंगलवार को महिला ने कमरे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। महिला के स्वजन की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया है।

सिखेड़ा निवासी सन्नी पुत्र राजेंद्र की शादी लगभग तीन वर्ष पहले भोपा निवासी बृजपाल की पुत्री दीपा के साथ हुई थी। पति सन्नी रंगाई-पुताई का काम करता है। मंगलवार की सुबह पति और पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। करीब नौ बजे दीपा का पति काम पर चला गया। सास बबीता खेतों में गन्ना छिलाई करने चली गई। ससुर राजेंद्र गांव में दुकान पर चला गया। दीपा का नौ वर्ष का बेटा कमरे के बाहर चारपाई पर सो रहा था। इसी दौरान दीपा ने कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद घर पर ससुर राजेंद्र पहुंचा, जब दीपा कमरे के अंदर से बाहर नहीं निकली, तो ससुर को शक हुआ। ससुर ने शोर मचा दिया। आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वे हैरान रह गए। कमरे के अंदर पंखे से दीपा फंदे में लटकी हुई मिली। ससुर व ग्रामीण दीपा को आनन-फानन में उपचार के लिए मुजफ्फरनगर के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने दीपा को मृत घोषित कर दिया था। दीपा के मरने की खबर सुनकर भोपा से मायके वाले भी गांव सिखेड़ा में पहुंचे। इस दौरान मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर दीपा की हत्या करने का आरोप लगाकर तहरीर दी थी। मृतका के भाई हुकुमचंद ने बहन की हत्या करने का आरोप लगाकर तहरीर दी थी। तहरीर में पति सन्नी, ससुर राजेंद्र, सास कविता और जेठ सागर पर गला घोटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस में सनी, राजेंद्र और कविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बेटी की हत्या की आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को देश छोड़ने की अनुमति नहीं, सुप्रीम कोर्ट में याचिका रद्द

नई दिल्ली, 12 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी की विदेश (स्पेन) जाने की अनुमति के लिए दायर याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह (मुखर्जी) वहां से वापस आएंगी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने आरोपी को कोई राहत तो नहीं दी, लेकिन एक साल के भीतर सुनवाई पूरी करने का संबंधित अदालत को निर्देश दिया। आरोपी ने बम्बई उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। शीर्ष अदालत के समक्ष आरोपी का पक्ष रखते हुए उनकी ओर से दलील दी गई वह पिछले 10 वर्षों में वह विदेश नहीं गई हैं। इस मुकदमे में 92 गवाह हैं, जिनसे अभी पूछताछ होनी है। इसके बाद पीठ ने कोई राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मुखर्जी वापस आएंगी। एक विशेष अदालत ने पिछले साल जुलाई में मुखर्जी की अगले तीन महीनों में 10 दिनों के लिए स्पेन और यूनाइटेड किंगडम जाने की याचिका को अनुमति दी थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा आया था। उच्च न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में विशेष अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था। मुखर्जी ने इसी आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। गैरतलब है कि 25 वषीर्या शीना बोरा 24 अप्रैल 2012 को मुंबई से लापता हो गई थी। इंद्राणी और उसके ड्राइवर श्यामवर पिंटूराम राय को अगस्त 2015 में शीना का अपहरण करके उसकी हत्या करने और उसके बाद उसकी लाश को जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शीर्ष अदालत ने 18 मई, 2022 को मुखर्जी को उस मामले में जमानत दी थी। अदालत ने यह देखते हुए कि आरोपी साढ़े छह सालों से जेल में बंद है और मुकदमा जल्द ही समाप्त होने की संभावना नहीं है, मुखर्जी को यह राहत दी थी।

प्यार की खातिर शादी रचाने के लिए धर्म बदलकर रजनी बनी गुलिस्ता की हत्या

पति के भाइयों ने दोस्त के साथ मिलकर मार डाला, पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

मेरठ, 12 फरवरी (एजेंसी)। भवन निर्माण कार्य में मजदूरी के दौरान शादीशुदा प्रीतम गुलिस्ता को भा गया। दोनों के बीच कार्य स्थल पर ही प्रेम सम्बंध बन गये और दोनों ने परिवार व समाज की परवाह न करते हुए शादी करने का फैसला कर दिया। गुलिस्ता के साथ ही प्रीतम के परिवार के लोग भी उनके सम्बंध से नाराज थे, लेकिन प्रीतम और गुलिस्ता ने शादी कर ली। इसके लिए गुलिस्ता ने अपना धर्म भी बदल लिया और नाम रजनी रख लिया था। वो प्रीतम के साथ हिंदू रीति रिवाजों को अपनाते हुए रहने लगी थी। इससे नाराज पति प्रीतम के दो सगे भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रजनी बनी गुलिस्ता की हत्या कर दी। प्रीतम ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। संभल जनपद के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी पीतम पुत्र भूरे ने बताया कि वह नोएडा जनपद के थाना बिसरख क्षेत्र के गांव पतवारी में अपनी पत्नी संतोष व तीन बच्चों के साथ रहता है। वहीं पर खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव गोविंदपुरी निवासी मुस्तफा राजमिस्त्री का काम करता था। वह मुस्तफा के साथ मजदूरी करता था। वहीं पर जनपद संभल के थाना हयातनगर के गांव घुरैटा निवासी गुलिस्ता भी मजदूरी कर रही थी। करीब दो वर्ष पूर्व पीतम सिंह ने धर्म और परिवार के बंधन को तोड़कर गुलिस्ता से शादी कर ली। गुलिस्ता ने अपना धर्म बदलकर अपना नाम रजनी रख लिया तथा हिंदू रीति रिवाज से प्रीतम के साथ रहने लगी। इस बात से पीतम के सगे भाई दलवीर उर्फ काले व अजय और उसका दोस्त मुस्तफा नाराज थे। 13 जनवरी को मुस्तफा, दलवीर और अजय के साथ मिलकर गुलिस्ता उर्फ रजनी को बहला फुसला कर अपने गांव गोविंदपुरी ले आया। गुलिस्ता वापस पीतम के साथ जाना चाहती थी। एक ग्रामीण के मोबाइल से पीतम को कॉल करके उसने ले जाने की बात भी कही थी। आरोप है कि मुस्तफा ने गुलिस्ता उर्फ रजनी की हत्या करके उसे जंगल में फेंक दिया। बुधवार को थाने पहुंचकर पीतम ने मुस्तफा और दोनों सगे भाइयों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पीतम ने पोस्टमार्टम के बाद गुलिस्ता उर्फ रजनी के शव को नोएडा के पतवारी गांव में ले जाकर श्मशान घाट में हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया। सीओ किठौर प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला के पति ने शव की शनाख्त रजनी के रूप में की है। पति की तहरीर पर मुस्तफा, दलवीर व अजय के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांवों में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर शोभायात्रा निकाली

जानसठ, 12 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के कई गांवो में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर बैंड-बाजों के साथ सुंदर झांकी धूमधाम से निकली गई। बुधवार को क्षेत्र के गांव उत्तरी घटायन, मीरापुर दलपत, तिसंग, मेहलकी, खलवाड़ा, गढ़ी, सलारपुर, राठौर और भलवा में संत शिरोमणि रविदास की जयंती का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। उनके बारे में बताया कि संतों में संत रविदास सबसे बड़े संत हुए हैं, जिनके बताएं रास्ते पर चलकर हम सभी का उद्धार हो जाता है। इस दौरान गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए झांकी निकाली गई। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की झांकी आदि आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इस दौरान क्षेत्र के गांव भलेड़ी में एक ग्रामीण की मौत हो जाने की वजह से शोभायात्रा कैंसिल कर दी गई। गांव काटका और वाजिदपुर कवाली में शाम के समय भंडारा किया गया तथा रात में भजन कीर्तन किया जाएगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनाई पुण्यतिथि

जानसठ, 12 फरवरी (बु.)। कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत सभासद गौरव भटनागर के प्रतिष्ठान पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने नमो ऐप के जरिए 200 से अधिक कार्यकर्ताओं की ओर से सहयोग राशि के तौर पर 42 हजार रुपये से अधिक की धनराशि भाजपा पार्टी राहत कोष में भेजी गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रोहित खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, एलडीबी के अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी, सतीश खटीक, सभासद सुशील कुमार, धर्मेश सैनी, अंकित संगल, रामनिवास प्रजापति, प्रदीप राणा आदि मौजूद रहे।

निवेश की संभावना तलाशने जापान से यूपी आएंगे करीब ढाई सौ सीईओ

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसी)। जापान के यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। सीएम योगी व यामानासी प्रांत के उप राज्यपाल को ओसादा के मध्य उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं समेत चार बिंदुओं को लेकर चर्चा हुई। को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावना तलाशने जापान से करीब 250 सीईओ उत्तर प्रदेश आएंगे। सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सुशासन के बलबूते आर्थिक प्रगति पर तेजी से बढ़ रहे उत्तर प्रदेश में जापान का प्रतिनिधिमंडल निवेश की संभावनाओं को देखेगा। इससे उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार में भी काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। सीएम व उप राज्यपाल के मध्य हुई वार्ता में ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश व यामानासी प्रीफेक्चर के मध्य समझौता होगा और यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसमें जापानी तकनीक का उपयोग होगा। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कराने पर भी चर्चा हुई, जिसमें दुनिया भर के हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी व इसके उपयोग में रूचि रखने वाले प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में यामानासी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के छात्रों को औद्योगिक प्रौद्योगिकी का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करेगा। को-ओसादा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से असीमित संभावनाओं वाला राज्य है। यहां बौद्ध धर्म से जुड़े पर्यटन स्थलों पर जापानी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बुद्धिस्ट सर्किट की भूमिका काफी अहम है। जापान से अधिकांश श्रद्धालु व आमजन यहां बुद्धिस्ट सर्किट के अंतर्गत गौतम बुद्ध से जुड़ी जगहों (सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती आदि) पर आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यामानासी प्रांत के लोगों को बुद्धिस्ट सर्किट आने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

भाई के सामने बहन की लूटी अस्मत: तमंचे के बल पर झाड़ियों में खींचकर दुष्कर्म किया

नूंह, 12 फरवरी (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह जिले के सदर थाने के अंतर्गत उजीना नोशेरा मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन का जबरन रास्ता रोक हथियार तान भाई को बंधक बनाकर बहन से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के बयान पर नूंह सदर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़िता नौशेरा गांव में अपनी बुआ से मिलने आई थी। गत चार फरवरी से ही गांव नोशेरा के रहने वाले तीन युवक पीछे लगे थे। सात फरवरी देर शाम पीड़िता अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव लौट रही थी। दावा है कि रात आठ बजे के करीब उजीना पुल नौशेरा सड़क के बीच तीनों आरोपी रास्ते में मिले। जिन्होंने जबरन मोटरसाइकिल को रुकवा लिया। आरोप है कि इस दौरान तीनों युवकों ने भाई पर हथियार तान दिया। जबकि पीड़िता से मारपीट करते हुए झाड़ियों और कीकरों के बीच में ले जाकर कपड़े फाड़ दिए। फिर तीनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक दो युवक एक दूसरे को सोहैल और रिजवान नाम से पुकार रहे थे। शोर मचाते हुए अपने साथ हुई वारदात के बारे में भाई को बताया। जिन्होंने किसी तरह फोन कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद तीनों युवक घटनास्थल से फरार हो गए। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक आशा कुमारी का कहना है कि मंगलवार को शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर किया था आरोपी भी जल्दी ही गिरफ्तार किए जाएंगे।

सुन्नी वक्फ बोर्ड पर तीन मामलों में 75 हजार का जुर्माना

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में सूचना के अधिकार अधिनियम की अनदेखी करने पर राज्य सूचना आयोग ने सुन्नी वक्फ बोर्ड के जनसूचना अधिकारी पर तीन अलग-अलग मामलों में जुर्माना लगाया है। तीनों ही मामलों में जुमार्ने की राशि 25 हजार रुपए है। राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने सरशार अहमद खान के मामले में कहा कि सुनवाई के दौरान सुन्नी वक्फ बोर्ड के जनसूचना अधिकारी अब्दुल मोबीन खां उपस्थित नहीं हुए। जब उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तो उसका संज्ञान भी नहीं लिया गया। आयोग ने जनसूचना अधिकारी के खिलाफ 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। साथ ही इमराना बेगम और हमीद खां के मामले में भी आयोग ने 25 हजार प्रति केस जुमार्ना लगाया।

मुख्यमंत्री योगी से मिले मिल्कीपुर के नवनिर्वाचित विधायक चंद्रभानु पासवान

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसी)। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक चंद्रभानु पासवान ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। चंद्रभानु ने मिल्कीपुर के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 61 हजार 710 वोटों से पराजित किया था। यह सीट अवधेश प्रसाद के सांसद चुने जाने के बाद रिक्त हुई थी। इस जीत के बाद फैजाबाद लोकसभा की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया। जीत के बाद चंद्रभानु ने अपनी जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों की विजय करार दिया था। बुधवार को उन्होंने सीएम योगी से मुलाकात की। मिल्कीपुर उपचुनाव में 10 प्रत्याशी मैदान में थे। चार उम्मीदवार ही एक हजार मतों का आंकड़ा पार कर सके थे। बसपा ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। भाजपा व सपा के अलावा शेष आठ प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा सके थे।

मोदी और मैक्रों ने की रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा

मार्सिले (फ्रांस), 12 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की तथा प्रौद्योगिकी एवं नवान्वेषण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया। पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद दोनों नेताओं ने एक ही विमान में मार्सिले के लिए एक साथ उड़ान भरी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के पूर्ण स्पेक्ट्रम पर चर्चा की। इसके बाद मार्सिले पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो पिछले 25 वर्षों में लगातार बहुआयामी संबंधों में विकसित हुई है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां कहा कि बैठक में भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

डॉन बनने की चाहत में मुरैना के युवक ने दी सीएम योगी को मोबाइल पर धमकी

मुरैना, 12 फरवरी (वार्ता)। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के एक युवक ने डॉन बनने की चाहत में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर फोन करके उन्हें जान से मारने की धमकी दी। हालांकि बाद में युवक ने पुलिस के भय से यहां के सिविल लाइन थाने में पहुंचकर पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हांसई मेवदा गांव के मजरा महाराज सिह का पुरा निवासी सुनील गुर्जर (20) ने सोमवार दोपहर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर फोन करके उन्हें मारने की धमकी दे दी। धमकी भरे फोन के तत्काल बाद उत्तर प्रदेश पुलिस सक्रिय हो गयी। उप्र एसटीएफ और साइबर टीम ने मोबाइल लोकेशन से उसका पता किया। लेकिन यूपी एसटीएफ उसे पकड़ पाती, उससे पहले ही वह खुद सिविल लाइन थाने पहुंच गया। पुलिस उससे कड़ी पूछताछ कर रही है। पुलिस ने उसके करीबियों और बैंक खातों को खंगाल रही है कि कहीं उसके किसी आतंकवादी संगठन से तो कोई संबंध नहीं हैं।

मोदी के विमान पर आतंकवादी हमले की धमकी देने वाला मानसिक रोगी गिरफ्तार

मुंबई, 12 फरवरी (वार्ता)। मुंबई पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा से पहले आतंकवादी हमले की चेतावनी देने वाली कॉल करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को धमकी भरा कॉल मंगलवार को तब मिला, जब प्रधानमंत्री विदेश यात्रा पर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि कॉल करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि 11 फरवरी को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक कॉल प्राप्त हुई जिसमें चेतावनी दी गई कि आधिकारिक विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले श्री मोदी के विमान पर आतंकवादी हमला कर सकते हैं। सूचना की गंभीर प्रकृति को देखते हुए, पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की।

सर्राफा कारोबारी पर फायरिंग के आरोपी दो इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

मुरादाबाद, 12 फरवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में सर्राफा कारोबारी पर फायरिंग करने के आरोपी तथा 25-25 हज़ार रुपये के इनामी दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा

महाकुंभ की निगरानी के साथ-साथ कल उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी किया। चौधरी अजीत सिंह की प्रतिमा का अनावरण करते हुए गन्ना किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख भी किया। योगी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने विपक्ष से अधिक 8 वर्षों में गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। सीएम योगी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं। कल किसान नेता चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर सीएम योगी बागपत पहुंचे। उन्होंने वहां पर कहा कि मेरे सामने परसों एक असमंजस की स्थिति थी कि मैं यहां पर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में पहुंच पाऊंगा या नहीं, लेकिन जब चौधरी जयंत का फोन आया, तो उन्होंने कहा कि कैसे होगा। मैंने कहा कि चिंता मत करिए। मैं दोपहर के बाद कार्यक्रम में जरूर हिस्सा लूंगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज माघी पूर्णिमा के अवसर पर करोड़ों लोग प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। ये नया उत्तर प्रदेश है, इसकी आबादी 25 करोड़ है और कल तक 50 करोड़ लोग प्रयागराज में डुबकी लगा चुके हैं, लेकिन कुछ लोगों को छुपकर कृत्य करने की आदत है, उन्होंने कोरोना वायरस की वैक्सीन लगवा ली, लेकिन दुनिया को कहते रहे कि वैक्सीन मत लगवाओ। उन्होंने छुपकर संगम में डुबकी लगाई और वापस आ गए, लेकिन जनता से कह रहे हैं कि डुबकी मत लगाओ, जब उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने कुछ नहीं किया। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट उत्तर प्रदेश के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। सीएम योगी ने कहा कि 5000 साल पहले पांडवों ने जो 5 गांव दान में मांगे थे, उसमें बागपत भी था। बागपत में आप इतिहास देख सकते है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बागपत के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। पश्चिमी यूपी के किसानों ने आधुनिकीकरण अपना कर नयी बुलंदी छुई है। चौधरी चरण सिंह की बातों को ध्यान में रखकर हम लोगों ने यहां पर कार्य प्रारंभ किए हैं। आठ वर्षों में, 2017 से अब तक दो लाख 72 हजार 600 करोड़ रुपये अन्नदाता के खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। विपक्ष ने 1995 से लेकर 2017 तक जितना गन्ना मूल्य का भुगतान किया है, उससे अधिक बीजेपी ने मात्र 8 वर्षों में भुगतान किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गन्ना किसानों के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। अन्नदाता किसान के खातों में पाई-पाई जाएगी, नहीं तो चीनी मिलों का सरकार अधिग्रहण कर लेगी। हर चीनी मिल को अच्छे ढंग से चलाएंगे, जो चीनी मिल लेट गन्ना भुगतान कर रही हैं, उनको समयबद्ध भुगतान के लिए सख्ती की जा रही है। इसके साथ ही योगी ने माघी पूर्णिमा और संत रविदास जयंती की बधाई दी। महाकुंभ में कल माघ पूर्णिमा का स्नान चल रहा था। योगी आदित्यनाथ सुबह 4 बजे से लखनऊ में वार रूम में बैठे महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे थे, इसलिए उनका कार्यक्रम दोपहर बाद का बना। सीएम सीसीटीवी देख रहे थे, अफसरों से हर पल की अपडेट ले रहे थे। डीआईजी वैभव कृष्ण मेला क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया है। शहर में वाहनों की एंट्री बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। ऐसे में श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। कल जनपद बागपत के छपरौली में यह भव्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छपरौली चौधरी परिवार का गढ़ है और यहां के लोग इस परिवार से भावनात्मक रूप से जुड़े हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पूर्व प्रधानमन्त्री चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि छपरौली रही है। वहां से आज तक चौधरी परिवार व उनकी पार्टी ही से विधायक बने हैं। गत वर्ष लोकसभा चुनाव की रैलियों की शुरूआत 12 फरवरी को पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की जयंती पर छपरौली से करने की रालोद ने तैयारी की थी, जहां रैली के दिन ही चौधरी अजित सिंह की अष्टधातु की 1200 किलो की नौ फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होना था। उस समय चौधरी जयंत सिंह इंडिया गठबंधन का हिस्सा थे। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेताओं को आने के लिए बुलावा दिया गया था। मगर, इस बीच ही रालोद का भाजपा से गठबंधन हो गया और प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को टाल दिया गया। दस दिन पहले अजित सिंह की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम तय किया गया और 12 फरवरी को चौधरी अजित सिंह की जयंती पर प्रतिमा अनावरण सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा होने की बात कही गई। इसकी तैयारी में रालोद के नेता जुट गए। मगर, तीन दिन पहले कार्यक्रम स्थगित करने की बात कही गई। इसको लेकर तीन दिन से राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई कि आखिर सीएम योगी ने अचानक कार्यक्रम क्यों स्थगित कराया, माघ पूर्णिमा होने की बात भी आयी। खुद योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे सामने असमंजस की स्थिति आ गयी, लेकिन अंततः कल की तारीख तय हो गयी। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम 12 फरवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा होने का कार्यक्रम तय किया गया। चौधरी अजीत सिंह का जन्म 12 फरवरी 1939 को हुआ, वो पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र थे। चौधरी अजीत सिंह भारत के कृषि मंत्री रहे और 2011 से केन्द्र की यूपीए सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रहे। चौधरी अजीत सिंह राष्ट्रीय लोकदल के लम्बे समय तक अध्यक्ष रहे। उत्तर प्रदेश के बागपत से निर्वाचित सांसद भी रहे। चौधरी अजीत सिंह को कृषि और आधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष रुचि थी। उन्होंने अमेरिका में 17 वर्षों तक अमेरिकी कम्प्यूटर इंडस्ट्री में कार्य किया और 1980 के पूर्वार्द्ध में भारत आये। 6 मई 2021 को गुरुग्राम में कोविड-19 से उनकी मृत्यु हो गयी।

चार मोती

सुनील उत्सव

"खूबी" "सूरत" "खामोशी" "चिट्ठा"

न खूबी है कोई तुममें,न कोई बात है तुममें,
न सूरत पर कोई रौनक, है चर्चा पर बुरा चर्चा।
अगर अपना भला चाहो, तो खामोशी को अपनाओ,
जबां से खुलता जाता है तुम्हारी अक्ल का चिट्ठा।

एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रांगण में हर्षोल्लास से मनाया गया आशीर्वाद समारोह

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बुस.)। पटेलनगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रांगण में एक भव्य ब्लेंसिग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान करना है। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियो का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्य/ इंचार्ज शिव कुमार शर्मा, जूनियर इंचार्ज डॉ. रचना जैन, सीनियर इंचार्ज शशीकान्त शर्मा, मिडिल इंचार्ज गीता मित्तल व कक्षा बारहवीं के कुछ छात्र-छात्राओं के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती उपासना में एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति की गयी, छात्रों ने समूहगान, कविता पाठ व भाषण प्रस्तुत किये। इसी श्रृंखला में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने शानदार नृत्य प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर एसडी पब्लिक स्कूल के सोशल क्लब की ओर से आशादीप स्कूल के विशिष्ट बच्चों को भी आमंत्रित किया गया। सामाजिक समर्पण और सौहार्द्र की भावना को प्रकट करते हुए सोशल क्लब ने आशादीप स्कूल के विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए। यह पहल इन विशिष्ट बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली व बारहवीं कक्षा के छात्रों में सदा मानवीय सवेदनाओं को जीवित रखने व सामाजिक भागीदारी की शिक्षा प्रदान करने वाली थी। इस अवसर पर उन सभी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यालय में समय-समय पर होने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उच्च स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस विशेष अवसर पर विनायक अवन्तिका को बेस्ट प्रिफैक्ट व वृंदा मदान को चीफ प्रिफैक्ट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय डॉयरेक्टर चंचल सक्सैना ने सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी अपनी मेहनत, लगन और आत्म विश्वास के बल पर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। यह आशीर्वाद समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं है बल्कि आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारे आशीर्वाद और शुभकामनाओं का प्रतीक है। जीवन में कठिनाइयाँ आती रहती है किन्तु आप धैर्य, ईमानदारी और कड़ी मेहनत से हर चुनौती को पार कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय डॉयरेक्टर ने अपने सारगर्भित विचारों को इस प्रकार प्रस्तुत किया-

बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाए नदी तो समुद्र की तलाश करो।

टूट जाता है शीशा पत्थर की चोट से, टूट जाए पत्थर ऐसे शीशे की तलाश करो।

कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी कृष्णा जोशी और अरूणिमा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रियंका सचदेवा, सुप्रीत कौर व रीतू सैनी का विशेष योगदान रहा।

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

चरथावल, 12 फरवरी (बु.)। महाराजा अग्रसैन कन्या पीजी महाविद्यालय चरथावल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिन-रात्रि विशेष शिविर के सातवें दिन समापन दिवस पर आज सभी स्वयंसेविकाओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी सरिता के नेतृत्व में चरथावल कस्बे में घर-घर जाकर स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, खाद्यान्न संरक्षण आदि के बारे में जागरूक किया। दोपहर एक बजे निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अर्पण, प्रीति सैनी, पूर्णा त्यागी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता रानी ने समापन दिवस पर स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के उद्देश्य एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा सरल स्पष्ट व प्रभावपूर्ण वाणी में नारी महिमा का गुणमान कर सभी स्वयंसेविकाओं को प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का संदेश दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश गर्ग, प्रबंधक विनोद कुमार सिंहल, प्राचार्या डॉ. अनीता रानी, डॉ. सारिका शर्मा, पारूल त्यागी, शिवानी त्यागी, अमित सिंहल व समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शाहपुर क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जी की भव्ययात्रा का आयोजन

शाहपुर, 12 फरवरी (बु.)। कस्बे व देहात में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। कस्बे में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी व समाजसेवी उमेश मित्तल ने संयुक्त रूप से किया, जबकि मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी रहे। शोभायात्रा कस्बे के प्रारंभ होकर मौहल्ला गडरियान, दरबार, मेन बाजार, मेन चौक, मंगलापुरी मंडी, गोकुलपुर, मालदा बाग व सैनियान होते हुए वापस संपन्न हुई। शोभायात्रा में बनी झांकियां नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रही। मंगलवार की रात्रि आयोजित विशाल मां भगवती जागरण का शुभारंभ समाजसेवी अरविंद पाल ने किया, जबकि मुख्य अतिथि समाजसेवी विजय रहे। प्रातः काल आयोजित हवन की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी रही। शोभायात्रा को सफल बनाने में बसपा के नगर अध्यक्ष परविंद्र कुमार, चतुर्वेदी, सभासद रेनू कुमार, सावन कुमार, सुधीर कुमार, कर्मवीर सिंह, सचिन कुमार व धर्मेंद्र आदि का योगदान रहा। इसके अलावा गांव सोरम, पलड़ी, आदमपुर व चांदपुर आदि गांवों में भी संत शिरोमणि रविदास जी की शोभायात्रा निकाली गई।

उप गन्ना आयुक्त ने दी रैली को हरी झंडी, किया जागरुक

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। जनपद में बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए एक विशेष रैली निकाली गई, जिसका मुख्य उद्देश्य रोग एवं कीट ग्रस्त गन्ना प्रजाति सीओ 238 की बुवाई को हतोत्साहित करना और इसके स्थान पर उन्नत एवं अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजातियों 0118, 15023, 13235, 17231 और 18231 की बुवाई को बढ़ावा देना था। जागरूकता रैली को तितावी शुगर कॉम्प्लेक्स के सौजन्य से चलाया गया, जिसे उप गन्ना आयुक्त ओम प्रकाश सिंह एवं यूनिट हेड कुलदीप सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व महा प्रबंधक गन्ना करमवीर सिंह ने किया। उप गन्ना आयुक्त ने इस दौरान किसानों और मिल स्टाफ को गन्ने की 0238 प्रजाति की बुवाई न करने के पीछे के वैज्ञानिक कारणों को समझाया और भूमि शोधन एवं बीज उपचार की प्रक्रिया अपनाने की सलाह दी। रैली में गन्ना विभाग के समस्त फील्ड स्टाफ, ब्लॉक इंचार्ज और जोनल इंचार्ज मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को उन्नत गन्ना प्रजातियों की विशेषता एवं उनकी उपज क्षमता के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे पुरानी एवं रोग ग्रस्त प्रजातियों की बजाय नई और अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजातियों का चयन करें। इससे न केवल फसल की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि उत्पादन भी बढ़ेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और चीनी मिलों को भी अधिक मात्रा में गुणवत्तापूर्ण गन्ना प्राप्त होगा।

नागरिकों ने जलभराव के चलते सड़क में बने गड्ढे से निजात दिलाने की गुहार लगाई

- हाईवे पर जलभराव से हो रहे हादसे

मीरापुर, 12 फरवरी (बु.)। मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग बिजलीघर के समीप स्थित आबादी के पानी की निकासी का साधन नहीं होने के कारण आबादी से निकलने वाला पानी हाईवे पर भरने से राजमार्ग में गहरा गड्ढा बन गया है, जिसमें प्रतिदिन किसी न किसी वाहन के गिरने से लगातार हादसे हो रहे हैं। नागरिकों ने जिलाधिकारी से उक्त जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। मीरापुर कस्बे में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर मोंटी तिराहे के समीप स्थित आबादी क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी का कोई साधन नहीं है, जिस कारण यहाँ से निकास होने वाला पानी राजमार्ग पर भर जाता है। राजमार्ग पर पानी भरने से यहाँ बड़ा गड्ढा बन गया है तथा हाईवे पूरी तरह से गडढे में तब्दील हो चुका है, जिसके चलते गड्ढे में प्रतिदिन कोई न कोई वाहन गिर जाता है और हादसे होते रहते हैं। राजमार्ग पर बने गड्ढे के चलते यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। राजमार्ग पर बने गड्ढे के चलते नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिक सन्तराम, बाबूराम, तिलकराम, राहुल, अमजद, सावेज, अनवर, इरफान आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर उक्त समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

अपने ही देश में दांतों का विश्वस्तरीय उपचार संभव : डॉ. जतिन गुप्ता

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बुस.)। नगर के शाइन डेंटल, निकट महावीर चौक के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जतिन गुप्ता को मुंबई में आयोजित एक विशेष वर्कशॉप में आमंत्रित किया गया। इस वर्कशॉप में दांतों की आरसीटी (रूट कैनाल ट्रीटमेंट) की नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्कशॉप में पूरे देश से केवल 25 दंत विशेषज्ञों को बुलाया गया था, जिनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश से डॉ. जतिन गुप्ता अकेले प्रतिनिधि थे। कार्यक्रम का संचालन ग्रीस के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. एन्टोनिस ने किया। उन्होंने नई माइक्रोस्कोपिक तकनीक से बिना दर्द, बिना चीरा और बिना टांका के आरसीटी करने की विधि सिखाई। डॉ. एन्टोनिस ने डॉ. जतिन गुप्ता को ग्रीस की राजधानी एथेंस में एक विशेष व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया, जहां वे भारतीय दंत चिकित्सा पद्धति पर अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. जतिन गुप्ता

नगर के डॉ. जतिन गुप्ता को किया मुम्बई वर्कशॉप में आमंत्रित

इससे पहले भी स्विट्जरलैंड, जर्मनी, बांग्लादेश (ढाका) और भारत में आयोजित ट्रेन द ट्रेनर प्रोग्राम में सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत में भी दांतों के अत्याधुनिक इलाज संभव हैं, जिससे मरीजों को विश्वस्तरीय उपचार मिल सकेगा।

हमें संत रविदास के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए : रितु

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बुस.)। संत रविदास जयंती के अवसर पर संयुक्त हिंदू महासंघ द्वारा शिव चौक पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची नगर पालिका परिषद की सभासद रितु त्यागी का महासंघ द्वारा स्वागत किया गया। सभासद रितु ने कहा कि हमें संत शिरोमणि रविदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर वागीश अग्रवाल, वीरेंद्र त्यागी, कमल किशोर, सुरेश, हरीश पालीवाल, अखिलेश पुरी, मुनेश पाल आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर की शिक्षिका निलंबित

- प्री-बोर्ड में छात्रा को कम अंक देने पर प्रबंध समिति ने की कार्रवाई

शाहपुर, 12 फरवरी (बु.)। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति की हुई बैठक में अंग्रेजी विषय की शिक्षिका को प्री-बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं में मूल्यांकन के दौरान लापरवाही के आरोप के चलते प्रबंध समिति ने निलंबित कर दिया है। कस्बे के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर में प्रबंध समिति की बैठक समिति अध्यक्ष चौ. सत्येंद्र बालियान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कॉलेज के विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान ही प्रबंध समिति के समक्ष कक्षा 10 की मेधावी छात्रा दिशा पुत्री कपिल कुमार की प्री-बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी विषय की शिक्षिका ज्योति बाजपेई द्वारा जानबूझकर कम अंक देने के आरोप का मामला रखा गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की सहमति पर कॉलेज प्रबंधक चमन सिंह बालियान ने शिक्षिका ज्योति बाजपेई को अनुशासनहीनता के साथ ही सेवा शर्तों का खुला उल्लंघन करने संस्था के छात्र-छात्राओं को जानबूझकर उत्तर पुस्तिका में कम अंक देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के आरोप पर निलंबित कर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शिक्षिका ज्योति बाजपेई पर लगे आरोपों की जांच एक तीन सदस्य समिति द्वारा कराकर आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रबंधक चमन सिंह बालियान, उपाध्यक्ष ब्रह्म सिंह, सदस्यगण सुरेश प्रधान, नरेंद्र सिंह, अजय कुमार, धर्मवीर सिंह, रविन्द्र राठी, शिवदत्त त्यागी मौजूद रहे।

गांव कुरालसी में निकाली गयी संत शोभायात्रा

बुढ़ाना, 12 फरवरी (बु.)। आज बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गाँव कुरालसी में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 648वां जन्म उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया, जिसका उद्घाटन अपने कर कमलों द्वारा बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता और गांव के पूर्व प्रधान मास्टर निर्मल दास ने फीता काटकर किया। शाम के समय भजन कीर्तन के साथ गुरु की महिमा का गुणगान किया गया। दिन मे गुरु रविदास की झांकी और बाबा साहेब आंबेडकर और उनके पिता और माताश्री की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। हरिजन चौपाल पर इस शोभायात्रा का समापन किया गया, जिसमें सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से रोहताश कुमार, रामलाल सिंह प्रधान, आसकरण सिंह, मुकेश कुमार, लाला उधम सिंह, राजेश सिंह, विक्रम सिंह, विपिन कुमार, दीपक कुमार, राजेन्द्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अमरीश कुमार, विकास कुमार, गौरव कुमार, शुभम कुमार और रविन्द्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

पाकिस्तान दुनिया के सबसे भ्रष्ट देशों में शामिल, भारत में भी बढ़ा भ्रष्टाचार

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने 11 फरवरी 2025 को भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत की स्थिति में गिरावट दर्ज की गई है। 2023 में भारत 93वें स्थान पर था, जबकि 2024 में यह तीन पायदान नीचे गिरकर 96वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत के पड़ोसी देशों की बात करें तो चीन 76वें स्थान पर बरकरार है, यानी उसकी रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, पाकिस्तान की स्थिति और खराब हुई है, जो 133वें स्थान से 135वें स्थान पर लुढ़क गया है। श्रीलंका 121वें और बांग्लादेश 149वें स्थान पर है। भ्रष्टाचार के सबसे कम स्तर वाले देशों में डेनमार्क पहले स्थान पर, फिनलैंड दूसरे और सिंगापुर तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, सबसे अधिक भ्रष्टाचार वाला देश दक्षिण सूडान (180वां स्थान) है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर रहने वाले देशों में सबसे कम भ्रष्टाचार होता है, जबकि आखिरी स्थान वाले देशों में यह सबसे ज्यादा होता है। 2023 में भारत का स्कोर 39 था, जो 2024 में घटकर 38 हो गया है। पिछले वर्षों में यह स्कोर धीरे-धीरे गिरता गया है। 2022 में 40 था, अब 38 हो गया है। इस गिरावट के कारण भारत की रैंकिंग तीन पायदान नीचे आ गई। वैश्विक औसत स्कोर 43 बना हुआ है, जबकि दो-तिहाई देशों का स्कोर 50 से नीचे है, जो दर्शाता है कि भ्रष्टाचार एक वैश्विक समस्या है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के विशेषज्ञ हर देश के सार्वजनिक क्षेत्र (पब्लिक सेक्टर) में भ्रष्टाचार का आकलन करते हैं। इसके आधार पर 0 से 100 के बीच स्कोर दिया जाता है। कम स्कोर का मतलब अधिक भ्रष्टाचार और अधिक स्कोर का मतलब कम भ्रष्टाचार होता है। इसी आधार पर प्रत्येक देश की रैंकिंग तय की जाती है। अगर 2005 से लेकर 2024 तक भारत की स्थिति की तुलना की जाए तो वढअ सरकार और मौजूदा ठअअ सरकार के कार्यकाल में कोई बड़ा सुधार नहीं हुआ है। 2006-07 में भारत की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ था और वह 70वें और 72वें स्थान पर था। 2013 में भारत 94वें स्थान पर लुढ़क गया था। 2015 में मोदी सरकार के कार्यकाल में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया गया था, जब भारत 76वें स्थान पर पहुंचा था। हालांकि, इसके बाद स्थिति स्थिर रही और अब 2024 में भारत 96वें स्थान पर आ गया है, जो चिंता का विषय है। पिछले 5 वर्षों में एशियाई देशों का उढक स्कोर 45 के आसपास बना हुआ है, इस साल यह 44 है। बहुत कम देशों ने इस अवधि में भ्रष्टाचार में कमी दर्ज की है, जबकि अधिकांश देशों में स्थिति बिगड़ी है।

बुढ़ाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया अरेस्ट

बुढ़ाना, 12 फरवरी (बु.)। पुलिस ने एक मामले में फरार चल रहे एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना ने सब इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह और कांस्टेबल विजय कुमार के सहयोग से एक वांछित अपराधी मौहम्मद दानिश पुत्र मौमीन निवासी तहसील के पीछे कस्बा बुढ़ाना को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर आज बुधवार की सुबह मंदवाडा रोड से अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरी और परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने एक वारंटी इरफान पुत्र भूरा निवासी गांव बिराल बुढ़ाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

भारत से ब्रह्मोस मिसाइल की डील के लिए लगी देशों की कतार

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)। भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का जादू तमाम देशों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यूएई, सऊदी अरब, वियतनाम, मिस्र और इंडोनेशिया जैसे देश इसे खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। फिलीपींस तो पहले ही ब्रह्मोस खरीद का करार कर चुका है और पिछले साल ही उसे इन मिसाइलों की डिलिवरी भी शुरू हो चुकी है। ध्वनि से 3 गुना तेज रफ्तार वाली दुनिया की इकलौती सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने के लिए इंडोनेशिया की बातचीत तो अभी शुरूआती दौर में है लेकिन एक अन्य देश के साथ बातचीत अंतिम दौर में है। 'द प्रिंट' की रिपोर्ट में डिफेंस सेक्टर से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि संवेदनशील सौदा होने की वजह से अभी उस देश का नाम गुप्त रखा गया है जिसके साथ बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र और वियतनाम भी ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

मिडल ईस्ट के देश मिसाइल के लैंड वर्जन में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। द प्रिंट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि इंडोनेशिया के साथ एकदम शुरूआती चरण में है। गणतंत्र दिवस पर जब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के तौर पर आए थे तब माना जा रहा था कि ब्रह्मोस मिसाइल डील को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत रफ्तार पकड़ेगी। भारत ने पिछले साल फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी शुरू की थी। फिलीपींस इस मिसाइल का पहला अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है। यह सौदा एंटी-शिप क्रूज मिसाइल के तटीय संस्करण के लिए था, जिसकी रेंज 290 किमी है। ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। ये ध्वनि की गति से तीन गुना तेज रफ्तार से दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। ये मिसाइल नेवी, आर्मी और एयर फोर्स तीनों के लिए काफी कारगर है। भारत के पास ब्रह्मोस मिसाइल की सतह, समुद्र और हवा वाले तीनों ही वर्जन हैं। यह जहाजों पर भी हमला कर सकती है। इसका निर्माण भारत के ऊऋछ और रूस के ठढड मिशीनोस्ट्रोयेनिया के जॉइंट वेंचर के तहत होता है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदियों के नामों को मिलाकर रखा गया है। ये मिसाइल दुश्मन के रेडारों को चकमा देने में सक्षम है।

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का आदेश

नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष

श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

लखनऊ 12 फरवरी (वार्ता) श्री रामजन्मभूमि मन्दिर के मुख्य पुजारी सत्येन्द्रदास का बुधवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे। आचार्य दास को पिछले दिनों ब्रेन हैम्ब्रेज के चलते एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह करीब सात बजे उन्होने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री दास के निधन पर शोक प्रकट किया है। उन्होने एक्स पर पोस्ट किया



परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुखद एवं आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र अयोध्या धाम के एक बयान जारी कर महंत के निधन की जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का साकेतवास हो गया, आज माघ पूर्णिमा के पवित्र दिन प्रात? सात बजे के लगभग उन्होंने पी जी आई लखनऊ में अंतिम सांस ली, वे वर्ष 1993 से श्री रामलला की सेवा पूजा कर रहे थे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय व मन्दिर व्यवस्था से जुड़े अन्य लोगों ने मुख्य अर्चक के देहावसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

फतेहपुरः श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो ट्रैवलर की डंपर से टक्कर, 04 की मौत

फतेहपुर 12 फरवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में बुधवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो ट्रैवलर, डंपर से टकरा गई जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि

एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने आज यहां बताया कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर बक्सर गांव के मोड पर श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी टूरिस्ट टेंपो ट्रैवलर गाड़ी डंपर से टकरा गयी। टेंपो ट्रैवलर में 21 लोगो में से चार की मृत्यु हो गई 17लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि टेंपो ट्रैवलर नई दिल्ली के उत्तम नगर से श्रद्धालुओं को लेकर आज सुबह प्रयागराज जनपद के महाकुंभ स्नान में श्रद्धालुओं को ले जा रहा था। टेंपो -ट्रैवलर जब कल्याणपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 बक्सर गांव के मोड पर पहुंचा तो इसकी डंपर की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बस में सवार चार लोगों की मौत हो गई 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को फतेहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां इनका इलाज जारी है। मृतकों में चालक विवेक 50 वर्ष , प्रेम नाथ झा 40 वर्ष, दिगंबर झा और विमल झा को मृत घोषित किया गया है ।गंभीर रूप से घायलों में मीरा देवी ,रीता ,जय नाथ झा को कानपुर अस्पताल में रेफर किया गया है । अनुराग झा सलोनी झा को सहित अन्य को फतेहपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

आईपीएल 2025 के लिए स्टेडियम के पास मौजूद बिल्डिंग की छत का भी लगेगा टिकट

जयपुर, 12 फरवरी (एजेंसी)। राजस्थान के जयपुर जिले में सवाई मानसिंह स्टेडियम (स्टर) में मार्च महीने में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के मुकाबले होने जा रहे हैं। इसको लेकर सरकार ने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। खेल विभाग की ओर से इस बार जयपुर में आईपीएल 2025 राजस्थानी थीम पर होगा। पूरे स्टेडियम को प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा। पहली बार सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर के अंदर और बाहर बने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एकेडमी बिल्डिंग और खेल भवन की छत के भी टिकट दिए जाएंगे। यह बिल्डिंग्स स्टेडियम से करीब 50 मीटर दूर है। खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के मुकाबले के दौरान इस बार स्टेडियम की दर्शक क्षमता को 50 हजार तक तो नहीं बढ़ाया जा सकता है। फिर भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। फिलहाल साउथ पवेलियन के रिनोवेशन का काम शुरू कर दिया गया है। खेल भवन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की स्पोट?र्स एकेडमी बिल्डिंग की छत पर भी बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। पूरी उम्मीद है कि यह पिछली बार से ज्यादा दर्शक इस बार जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का मुकाबला देख सकेंगे। मुकाबलों के बाद खेल मंत्री के दिशा-निर्देश पर सवाई मानसिंह स्टेडियम की कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए एक नए प्लान पर काम किया जाएगा, ताकि भविष्य में स्टेडियम की क्षमता को 50 हजार दर्शक तक पहुंचाया जा सके।

शार्ट सर्किट से लगी आग में लाखों का सामान जलकर हुआ राख

खतौली, 12 फरवरी (बु.)। नगर की पक्का बाग कॉलोनी स्थित एक मकान में शार्ट सर्किट से लगी आग में लगभग पांच लाख रूपये का सामान जलकर राख हो गया। नगर की पक्का बाग कॉलोनी स्थित खुर्शीद पुत्र ईशा के मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। आग ने कुछ ही समय में इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आस पड़ोस के लोगों में हड़कम्प मच गया। मौहल्ले के लोगों ने घंटों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान

जलकर राख हो चुका था। बताया जाता है कि खुर्शीद की बेटी की आगामी अप्रैल माह में शादी होनी थी, जिसको लेकर परिजनों द्वारा बेटी की शादी के दहेज के लिए डबल बैड, फ्रिज, सेफ आदि कीमती सामान इकट्ठा कर रखा था, परन्तु मकान में लगी आग में बेटी के दहेज का अधिकांश सामान जलने से परिजनों में हड़कम्प मच गया।

खड़े ट्रक में आग लगने से हड़कम्प

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर एक स्टील मिल के बाहर खड़े ट्रक में आग लगने से बुधवार को हड़कम्प मच गया। सर्वप्रथम सूचना यह मिली कि मिल के अंदर आग लग गयी है मगर जब मौके पर पहुंचकर स्थिति का पता किया गया तो मखियाली के पास स्थित सिद्धबली स्टील मिल के बाहर खड़े एक ट्रक में आग लगती दिखाई दी, जिसे दमकल विभाग की गाड़ियों द्वारा तुरन्त मौके पर पहुंचकर काबू किया गया। इस मामले की सूचना दमकल विभाग को उधर से गुजर रहे समोद सिंघल निवासी मखियाली ने ही दी थी। आग में ट्रक का अगला भाग जलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

मायावती ने अपनी भतीजे आकाश आनंद के ससुर डॉ. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाला

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ। अशोक सिद्धार्थ को गुटबाजी और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ। सिद्धार्थ को बसपा के मेरठ जिले के प्रभारी नितिन सिंह के साथ निष्कासित कर दिया गया, जो दक्षिणी राज्यों में पार्टी के संचालन की देखरेख के लिए जिम्मेदार थे। डॉ। सिद्धार्थ बसपा प्रमुख मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर बताए जाते हैं। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह घोषणा की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि बसपा की ओर से विशेषकर दक्षिणी राज्यों आदि के प्रभारी रहे डॉ। अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद नितिन सिंह जिला मेरठ को चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

बागपत में 351 करोड की सौगात, योगी बोले- चोरी छिपे कुम्भ स्नान करके आने वाले औरों को कर रहे मना

बागपत, 12 फरवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बागपत के छपरौली कस्बे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को किसान मसीहा व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की आदमकद मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में 351 करोड़ से बनने वाली लगभग 281 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

जनपद के छपरौली कस्बे में श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का विधि विधान के साथ बुधवार को अनावरण किया। उनके साथ कौशल विकास एवं उद्यमशीलता व शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार चौ जयन्त सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने जहां एक तरफ विपक्षी राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए विकास विरोधी बताया, वहीं उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकासपरक योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है, जिसके तहत प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री का पहली बार छपरौली में पहुंचने पर भाजपा व रालोद कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से भव्य स्वागत किया। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनसभा की शुरूआत वंदे मातरम् एवं संत शिरोमणि रविदास जयंती पर उनका स्मरण करते हुए की। योगी ने सबसे पहले बागपत की कर्मभूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह को नमन किया और कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी किसानों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने किसान हितों की हमेशा बात कही। चौधरी साहब हमेशा संघर्षशील रहे हैं। इसी के साथ-साथ उन्होंने स्व चौधरी अजित सिंह के कार्यो की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन गया है। प्रदेश से गुंडागर्दी समाप्त हो गई है। गुंडे बदमाश उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए

हैं। भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर प्रदेश में काम हो रहे हैं। भाजपा सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलने का काम कर रही है। मोदी के शासनकाल में देश विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज इस पावन अवसर पर 351 करोड़ की 281 योजनाओं लोकार्पण किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को जल्द ही 60200 नये पुलिसकर्मी मिलेंगे। बागपत में दिल्ली देहरादून हाईवे तथा दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर इंडस्ट्रीज कोरिडोर का भी जल्द निर्माण होगा, जिससे बेरोजगार युवाओं तथा किसानों को उन्नति के अवसर मिलेंगे। महाकुंभ में कल तक 50 करोड़ लोग डुबकी लगा लेंगे। योगी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों की आदत है, चोरी छिपे उन लोगों ने कोरोना की वैक्सीन लगवाई और दुनिया को कहते रहे कि मत लगाओ। ऐसे ही चोरी छिपे संगम में डुबकी लगाकर आ गए, लेकिन जनता को कह रहे हैं मत जाओ। जनसभा में केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री चौ जयन्त सिंह ने भी प्रदेश सरकार की जमकर सराहना की। कार्यक्रम में बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधायक योगेश धामा, छपरौली विधायक अजय कुमार, प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री केपी मलिक ने भी संबोधित किया। रालोद विधानमंडल दल के नेता बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान भी मौजूद रहे।

भगत सिंह रोड पर मंत्री कपिल देव ने अग्रवाल किया नमन

मुजफ्फरनगर, 12 फरवरी (बु.)। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर बुधवार को योगी सरकार में मंत्री एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने अपनी विधान सभा क्षेत्र में भगत सिंह रोड पर संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर आयोजित की गई शोभायात्रा में शामिल होकर चरणवंदन व शत शत नमन करते हुए सभी को रविदास जयंती की शुभ कामनायें दी। अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भगत सिंह रोड पर पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि संत शिरोमणि

रविदास जी ने सदैव अपने विचारों और कर्मों से समाज में समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश फैलाया। उनकी शिक्षाएं आज भी हमें देश में जातिवाद, भेदभाव, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आइए इस अवसर पर हम सभी उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में प्रेम, एकता और समरसता को मजबूत करने का संकल्प लें। मंत्री कपिल देव के यहां पहुंचने पर आयोजन समिति की ओर से पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान संजय गर्ग, सुरेन्द्र अग्रवाल, मनोज वर्मा, राधे वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से हराया, गिल-विराट के बाद गेंदबाजों का कहर

तीन मैचों की सीरीज में भारतीय टीम ने किया इंग्लैंड का सूपड़ा साफ, शुभमन ने लगाया शतक

अहमदाबाद, 12 फरवरी (एजेंसी)। भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन से हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। तीसरे वनडे में भारतीय टीम ने शुभमन

गिल की शतकीय और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में 10 विकेट पर 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 10 विकेट खोकर सिर्फ 214 रन बना सकी। इस तरह भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया और तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ कर दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शुभमन गिल की शतकीय और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में 10 विकेट पर 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 10 विकेट खोकर सिर्फ 214 रन बना सकी। भारत की यह इंग्लैंड पर दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2008 में इंग्लैंड को राजकोट में 158 रन से हराया था। रोहित शर्मा की टीम ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ कर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपना दम दिखा दिया है। 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी टूनार्मेंट का आगाज होगा, जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी से करेगी। अहमदाबाद में हुए तीसरे और अंतिम वनडे में भारत द्वारा दिए गए लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी हुई। फिल सॉल्ट और बेन डकेट के बीच पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई जिसे अर्शदीप सिंह ने तोड़ा। उन्होंने डकेट को सातवें ओवर में अपना शिकार बनाया। वह 22 गेंदों में 34 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे। इसके बाद तेज गेंदबाज ने नौवें ओवर में सॉल्ट को आउट किया। वह 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा टॉम बैंटन और जो रूट ने संभाला। दोनों के बीच 46 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, यह साझेदारी ज्यादा बड़ी नहीं हो सकी और कुलदीप यादव ने बैंटन को अपना शिकार बनाकर इसे तोड़ दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज इस मैच में 38 रन बनाकर आउट हुए। इस मुकाबले में इंग्लैंड के लिए रूट 24, ब्रूक 19, बटलर छ्ह, लिविंगस्टोन नौ, आदिल रशीद शून्य, वुड नौ, एटकिंसन 38 और साकिब ने दो रन* बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या ने दो-दो विकेट चटकाए। इसके अलावा वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में सस्ते में आउट हुए, लेकिन गिल और कोहली ने पहले भारत को संभाला, फिर शुभमन ने श्रेयस के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की।

अदालत ने पूर्व सांसद सज्जन कुमार को 1984 दंगे के एक और मामले में दोषी ठहराया

नयी दिल्ली, 12 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राजधानी की एक विशेष अदालत ने वर्ष1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में उग्र भीड़ के हमले में पिता-पुत्र हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया। दिल्ली की एक विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले से ही वर्ष1984 के दंगे के एक अन्य मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व कांग्रेस सांसद को दोषी ठहराने वाला यह फैसला सुनाया। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा, "आरोपी को दोषी ठहराया गया है। अगली सुनवाई की तारीख पर सज़ा पर आदेश के लिए सूचीबद्ध करें।" अदालत ने तब के बाहरी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के कई बार सांसद रहे सज्जन कुमार की सजा पर बहस के लिए 18 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें और सबूतों पर गौर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंची कि राज नगर निवासी एस जसवंत सिह और उनके बेटे एस तरुण दीप सिह की सज्जन कुमार के नेतृत्व में हजारों लोगों की उग्र भीड़ ने हत्या कर दी थी। उनके खिलाफ वर्ष 2021 में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 147 (दंगा), 148 (घातक हथियार से लैस होकर दंगा), 149 (समान उद्देश्य के लिए किए गए अपराध के लिए गैरकानूनी सभा का प्रत्येक सदस्य दोषी), 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 395 (डकैती) के अलावा अन्य आरोपों के तहत आरोप तय किए गए थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक एक नवंबर 1984 को पूर्व सांसद के नेतृत्व में हजारों लोगों की उग्र भीड़ ने पिता-पुत्र की हत्या कर दी थी।प्राथमिकी शिकायतकर्ता के नौ सितंबर 1985 के हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता जिसकी पहचान गुप्त रखी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय वर्ष 2015 में उन दंगों के मामलों की फिर से जाँच करने के लिए एक विशेष जाँच दल का गठन किया, जिसके बाद मामले में शिकायतकर्ता ने 23 नवंबर 2016 को अपना बयान दर्ज कराया था। दोषी करार दिए गए सज्जन कुमार को छह अप्रैल, 2021 को इस मामले में गिरफ़्तार किया गया था।

गाजियाबाद में महिला वकील और दबंगों में सरेआम मारपीट

गाजियाबाद, 12 फरवरी (एजेंसी)। एनसीआर के अंतर्गत आने वाले यूपी के गाजियाबाद में एक महिला अधिवक्ता के साथ कुछ लोगों की मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। घटना गाजियाबाद के मोहन नगर थाना साहिबाबाद क्षेत्र की बताई जा रही है। वीडियो में महिला वकील एक शख्स का कॉलर पकड़े दिख रही है और उसके सिर के पास से खून भी बह रहा है। इस घटना के एक और वीडियो में महिला वकील कुछ लोगों की लात-घूसों से पिटाई भी करती दिख रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, साहिबाबाद पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मोहन नगर में मंगलवार को एसजीएसटी विभाग के कार्यालय में एक महिला वकील और कुछ पुरुषों से उसका झगड़ा हो गया। घटना के तीन वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए। वीडियो में,एक महिला अधिवक्ता दो पुरुषों का कॉलर पकड़े हुए और उन्हें थप्पड़ मारने और लात मारते हुए दिखाई दे रही है।एक अन्य वीडियो में पुरुष वकील महिला वकील पर हमला करते हुए दिख रहा है, जबकि कुछ लोग हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की 60 लाख की संपत्ति जब्त

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में सपा सरकार में खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की 60 लाख रुपये की संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को जब्त कर लिया। ईडी ने गायत्री के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की है। बता दें कि ईडी ने लोकायुक्त संगठन की जांच के बाद हुई सिफारिश के बाद विजिलेंस द्वारा गायत्री के खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मुकदमे के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला कि गायत्री सपा सरकार में खनन मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। अपने परिवार के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों एवं मित्रों के नाम पर तमाम चल-अचल संपत्तियां अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों के अनुरूप नहीं थी। गायत्री और उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी काली कमाई को विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से कई फर्जी और दिखावटी लेन-देन के माध्यम से खपाया, जिससे बाद में निजी संपत्तियों को खरीदा गया।

माघी पूर्णिमा पर महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब

महाकुंभ नगर 12 फरवरी (वार्ता) माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को महाकुंभ में संगम के तट पर आस्था का जनसैलाब हिलोरें मारता दिखायी दिया। सुबह आठ बजे तक ही एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा चुके थे। सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम के बीच कुंभ मेला क्षेत्र समेत समूचा प्रयागराज श्रद्धालुओं की भीड़ से सराबोर हो चुका है। संगम क्षेत्र में हेलीकाप्टर के जरिये श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व पर प्रदेश वासियों को बधाई दी है। प्रयागराज को आज स्नान पर्व के मौके पर नो व्हीकल जोन पहले ही घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद संगम नगरी की सड़कें श्रद्धालुओं से ठसाठस भरी हुयी हैं। पुलिस कर्मी श्रद्धालुओं को निकटतम घाट में स्नान की सलाह दे रहे हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक एक करोड़ दो लाख लोग तीर्थराज के विभिन्न घाटों पर स्नान कर चुके थे जिनमें दस लाख कल्पवासी भी शामिल हैं। इसके साथ ही महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या 46 करोड़ 25 लाख से अधिक हो चुकी है जबकि महाकुंभ के समापन को अभी एक पखवारा शेष है। सरकार ने इससे पहले महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान जताया था। माघी पूर्णिमा के साथ ही आज संगम की रेती पर अराधना में लीन करीब दस लाख श्रद्धालुओं के कल्पवास की समाप्ति हो जायेगी।

महाकुम्भ की आस्था में ओतप्रोत अनिल कुंबले ने त्रिवेणी संगम में किया पावन स्नान

महाकुम्भनागर, 12 फरवरी (वार्ता) पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले और पत्नी चेतना रामतीर्था ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद बुधवार को दोनों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर पुण्य डुबकी लगाई। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आए। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिर्फ एक शब्द लिखा और वो था ब्लेस्ड (आशीर्वाद)। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला। अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे।

योगी सरकार की बड़ी तैयारी, यूपी में अब रेंट एग्रीमेंट की भी होगी रजिस्ट्री

लखनऊ, 12 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार अब रेंट एग्रीमेंट पर बड़ा फैसला लेने जा रही है, जिसका सीधा असर मकान मालिक और किरायेदारों पर पड़ेगा। प्रॉपर्टी की सुरक्षा के लिए रेंट एग्रीमेंट की रजिस्ट्री को बढ़ावा दिया जाने की तैयारी है। रेंट एग्रीमेंट के नियमों में बड़ा बदलाव किए जाने की तैयारी है। रजिस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए स्टांप शुल्क को काफी कम रखने की सिफारिश की गई है। जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव पेश किया जाएगा। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार में स्टांप और पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहा कि रेंट का रजिस्ट्रेशन कराए जाने से मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद के मामलों में कमी आएगी। दोनों पक्ष के हितों को सुरक्षित रखने के तहत यह कदम उठाया जा रहा है। अब एक साल के तहत रेंट एग्रीमेंट के तहत न्यूनतम 500 रुपये से लेकर 20 हजार अधिकतम स्टांप शुल्क का चार्ज होगा। मंत्री ने बताया कि अभी रेंट एग्रीमेंट में स्टाम्प शुल्क ज्यादा होने की वजह से बहुत कम लोग इसे कराते हैं। अभी केवल 100 रुपये के स्टाम्प पर समझौता कर लेते हैं, जिसका कोई भी कानूनी दावा नहीं होता है। उत्तर प्रदेश में 1 साल में महज 86000 रेंट एग्रीमेंट हुए हैं। यह हालत तब है, जब घर से लेकर दुकान और ऑफिस तक को किराये पर देने वालों की संख्या लाखों में है। अब नए नियम के मुताबिक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट में लिखी शर्तें ही कानूनी रूप से मान्य होंगी, जिन पर कोर्ट में दावा किया जा सकेगा। ऐसा भी बताया जा रहा है कि नए नियम के तहत रेंट एग्रीमेंट के लिए अलग से पोर्टल तैयार होगा। इसका एक तय फॉर्मेट होगा, जिसका प्रिंट आउट लेकर अपने पास सेव करके रखा जा सकेगा। इस फॉर्मेट पर स्टाम्प को चिपकाने के बाद इसे कानूनी वैधता मिल जाएगी।

सीएम योगी की फोटो पर अभद्र टिप्पणी करने वाला मोमोज विक्रेता आफताब गिरफ्तार

गाजियाबाद, 12 फरवरी (एजेंसी)। गाजियाबाद जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप मेंएक मोमोज विक्रेता को गिरफ्तार किया है। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी का कहना है कि थाना लोनी पुलिस ने 29 वर्षीय आफताब मंसूरी को हिरासत में लिया है। जिसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी आफताब, जो मूल रूप से एटा का निवासी है, वर्तमान में लोनी के अशोक विहार में छप्पर वाली मस्जिद के पास जैन कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस को 10 फरवरी को उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आपत्तिजनक वीडियो मिला, जिसमें उसने महाराष्ट्र के एक नेता के बयान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ जोड़कर पोस्ट किया था।

डॉक्टर के बंद मकान में चोरों ने बोला धावा, 16 लाख की चोरी

शामली, 12 फरवरी (बु.)। जनपद शामली में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आने के कारण हड़कंप मचा हुआ है। जिस मकान को बदमाशों ने निशाना बनाया, वो बंद पड़ा था। यह मकान एक चिकित्सक का बताया गया है, जो रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में भाग लेने के लिए रात्रि के समय परिवार के साथ गए हुए थे, सुबह लौटे तो चोर मकान में सारा माल समेटकर ले गए थे। यह चोरी 16 लाख रुपये की बताई जा रही है। चोरों का अभी कोई पता नहीं चल पाया है। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के सुन्ना गांव में मंगलवार रात मकान का ताला तोड़कर चोरों ने प्राइवेट चिकित्सक डॉ. संजय के मकान से पांच लाख कैश और गहने समेत करीब 16 लाख की चोरी कर ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। डॉ. संजय मलिक ने बताया कि मंगलवार रात वह मकान पर ताला लगाकर कांधला के एक मैरिज होम में रिश्तेदार की शादी में परिवार समेत शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर तो सामान बिखरा हुआ था और चोरी हो चुकी थी। चोर

**शामली में चोरी की बड़ी वारदात होने से मचा हड़कम्प, 5 लाख कैश और 11 लाख का सोना ले गए च